**पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)**
दूरभाषः 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), फैक्स– 0771–2262818, 2262607

क्रमांक : 1440 / अका. / का.प / 2019 रायपुर, दिनांक /11/2019

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक बुधवार, दिनांक 06.11.2019 को अपराह्न 3:00 बजे कुलपति सचिवालय के बैठक–कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए:

**प्रो. केशरी लाल वर्मा, कुलपति – अध्यक्ष**

1. डॉ. (श्रीमती) स्वर्णलता सराफ – सदस्य
2. डॉ. संजय कुमार – सदस्य
3. डॉ. (श्रीमती) प्रोमिला सिंह – सदस्य
4. डॉ. (श्रीमती) आभा रूपेन्द्र पाल – सदस्य
5. डॉ. चन्द्रशेखर चौबे – सदस्य
6. डॉ. नरेन्द्र पटनायक – सदस्य
7. डॉ. स्निग्धा सेन – सदस्य
8. डॉ. भजन सिंह छाबड़ा – सदस्य
9. डॉ. बी.एल. तिवारी – सदस्य
10. श्री ललित सुरजन – सदस्य
11. श्री सत्यनारायण शर्मा – सदस्य
12. डॉ. लक्ष्मी ध्रुव – सदस्य
13. श्री डमरूधर पुजारी – सदस्य

**डॉ. गिरीशकांत पाण्डेय, कुलसचिव – सचिव**

**कार्यवृत्त :**

1. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 25.07.2019 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

**निर्णय : सम्पुष्टि की गई।**

2. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक, दिनांक 25.07.2019 के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय : सूचना ग्रहण की गई।**

**<u>बायोटेक्नॉलॉजी अध्ययनशाला से प्राप्त प्रस्ताव :–</u>**

3. बायोटेक्नालाजी अध्ययनशाला हेतु क्रय किया गया Equipment Microschope की देयक राशि रु. 5,50,000.00 (पाँच लाख पचास हजार रुपए) भुगतान की स्वीकृति के संबंध में।

**निर्णय : स्वीकृति प्रदान की गई।**

**<u>जैविकी अध्ययनशाला से प्राप्त प्रस्ताव :–</u>**

4. जैविकी अध्ययनशाला हेतु UV-Vis Spectro Photometer क्रय किए जाने हेतु राशि रु. 6,05,000.00 (छह लाख पाँच हजार रुपए) की स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : स्वीकृति प्रदान की गई।**

**सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

5. श्री इन्द्रपाल करभाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन अध्ययनशाला के असाधारण अवकाश स्वीकृति में वृद्धि के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 23.02.2019 में लिए गये निर्णय अनुसार श्री इन्द्रपाल करभाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन अध्ययनशाला को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 618/स्था./सा.प्रशा./2019 दिनांक 27.02.2019 के द्वारा दिनांक 28.02.2019 से 31.08.2019 तक 6 माह का असाधारण अवकाश स्वीकृत किया गया था। पी–एच.डी. से संबंधित कार्य पूर्ण करने में अतिरिक्त समय दिनांक 01.09.2019 से 15.10.2019 तक 45 दिनों का और असाधारण अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गई।**

6. डॉ. आर.पी. दास को प्रोफेसर पद पर दिनांक 09.08.2019 से 08.08.2022 तक धारणाधिकार स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : डॉ. आर.पी. दास, प्रोफेसर, प्रबंध संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा जारी आदेश क्रमांक F.No. AD/2/NA/2095 दिनांक 09.08.2019 के द्वारा Pro-Vice Chancellor (कुलाधिसचिव) नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप दिनांक 09.08.2019 से 08.08.2022 तक 03 वर्ष के लिए धारणाधिकार कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।**

7. डॉ. दीपेन्द्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, फॉर्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को अध्ययन अवकाश दिनांक 15.01.2020 से 14.07.2020 तक स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : डॉ. दीपेन्द्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, फॉर्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को डेकन विश्वविद्यालय, आस्ट्रेलिया द्वारा Long Term ICMR-DHR International Fellowships for Young Indian Biomedical Scientist 2019-20 प्रदाय किए जाने के फलस्वरूप, फेलोशिप के लिए छ.ग. सिविल सेवा अवकाश नियम 2010 के नियम 42 के प्रावधानानुसार दिनांक 15.01.2020 से 14.07.2020 तक 6 माह का अध्ययन अवकाश स्वीकृति प्रदान की गई।**

8. डॉ. श्रीमती विजया कोचे, प्रोफेसर को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.07.2019 में लिए गये निर्णय अनुसार डॉ. श्रीमती विजया कोचे, प्रोफेसर जैविकी अध्ययनशाला को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 2301/स्था./सा.प्रशा./2019 दिनांक 07.08.2019 के द्वारा दिनांक 18.06.2019 से 17.10.2019 तक 4 माह का अर्जित अवकाश स्वास्थगत कारणों से स्वीकृत किया गया था। डॉ. श्रीमती विजया कोचे ने दिनांक 15.10.2019 को आवेदन प्रस्तुत कर दिनांक 01.02.2020 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हेतु निवेदन किए हैं।**

**अतः विश्वविद्यालय परिनियम 31 की कंडिका 12 एवं छ.ग. सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के प्रावधानानुसार डॉ. श्रीमती विजया कोचे, प्रोफेसर, जैविकी अध्ययनशाला को दिनांक 01.02.2020 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की स्वीकृति प्रदान की गई।**

9. एकमुश्त संविदा वेतन का निर्धारण के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **छ.ग. शासन, वित्त विभाग मंत्रालय के पत्र क्रमांक 336/एफ–2019–53–01932/वि/नि/चार वित्त निर्देश 16/2019 दिनांक 02.08.2019 के द्वारा विभिन्न पदों पर एकमुश्त संविदा वेतन का निर्धारण कर दिनांक 01.07.2019 से प्रभावशील किया गया है।**

**विश्वविद्यालय में वर्तमान में निम्नलिखित पदों पर संविदा पर शिक्षक/कर्मचारी कार्यरत है :–**

| क्रमांक | पदनाम | संविदा नियुक्ति के पद का पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन मैट्रिक्स में लेवल | संविदा मासिक वेतन |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक प्राध्यापक | 12 | 40840 |
| 2 | पोस्ट डॉक्टरल फेलो | 12 | 40840 |
| 3 | रिसर्च असिस्टेंट | 8 | 25780 |
| 4 | प्रोफेशनल असिस्टेंट | 7 | 20900 |
| 5 | लैब टेक्नीशियन | 6 | 18420 |
| 6 | निम्न वर्ग लिपिक | 4 | 14200 |

**अतः छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग मंत्रालय, के पत्र क्रमांक 336/एफ–2019–53–01932/वि/नि/चार वित्त निर्देश 16/2019 दिनांक 02.08.2019 को अंगीकृत करते हुए, विश्वविद्यालय में उपरोक्त पदों पर कार्यरत संविदा शिक्षक/कर्मचारियों का उपरोक्तानुसार संविदा वेतन दिनांक 01.07.2019 से या पदभार ग्रहण की तिथि से जो भी तिथि बाद में हो से स्वीकृति माननीय कार्यपरिषद् में अनुमोदन किया गया।**

## संचालक शारीरिक शिक्षा से प्राप्त प्रस्ताव :–

10. सत्र 2019–20 खेलकूद मद में राशि 20.00 लाख हस्तांतरण के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **संचालक, शारीरिक शिक्षा द्वारा खेलकूद की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए, सामान्य मद से राशि खेलकूद मद में रु. 20.00 लाख (बीस लाख रूपये) स्थानान्तरित किए जाने का निवेदन किया गया है। विश्वविद्यालय के सामान्य मद के B. Engg. unit 22.Heritage Museum जिसके सत्र 2019–20 हेतु रु. 200.00 लाख का प्रावधान है, जिसके आवश्यक प्रस्ताव अनुसार अन्य व्यय हेतु रु. 26.00 लाख (बुकिंग) प्रस्तावित है। तद्नुसार उक्त मद से रु. 20.00 (बीस लाख रुपए) सामान्य मद से खेलकूद मद में हस्तानान्तरित किये जाने हेतु माननीय कार्यपरिषद् में अनुमोदन किया गया।**

## HRDC से प्राप्त प्रस्ताव :–

11. HRDC- Guideline 2019 का अनुमोदन करना।

निर्णयः **यू.जी.सी. द्वारा जारी नवीन Guideline, Human Resource Development Centre (HRDC) 2019 को अंगीकृत किए जाने का अनुमोदन किया गया।**

## अकादमिक विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–

12. ग्रेसियस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बेलभाटा, अभनपुर के प्राचार्य डॉ. हरेकृष्ण के त्याग पत्र के संबंध में सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : **प्राचार्य पद पर नियुक्त डॉ. हरेकृष्ण का त्याग पत्र संस्था से स्वीकृति पश्चात् त्याग पत्र माननीय कार्यपरिषद् में स्वीकार किया गया।**

13. बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय, जामगांव, जिला–गरियाबंद के लिये प्राचार्य की नियुक्ति के संबंध में समिति की अनुशंसा (बंद लिफाफा) पर विचार करना।

निर्णयः **बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय, जामगांव, जिला–गरियाबंद के लिये प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) अनघा अगाशे के नाम का अनुमोदन किया गया।**

14. शास. जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर को समाजशास्त्र विषय में शोध केन्द्र की मान्यता प्रदान करने के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **शास. जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय, रायपुर को समाजशास्त्र विषय में अस्थायी शोध केन्द्र की मान्यता प्रदान की गई।**

## <u>ग्रंथालय विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–</u>

15. 23 ई–शोध पत्रिकाओं के क्रयार्थ चंदा (Subscription) भेजे जाने हेतु रु. 24,72,453.33 (चौबीस लाख बहत्तर हजार चार सौ तिरपन रुपए मात्र) भुगतान पर विचार करना।

निर्णयः **विश्वविद्यालय बजट 2019–20 ग्रंथागार : पुस्तक एवं शोध पत्रिका (14:D:1-a) मद राशि रु. 40.00 लाख (चालीस लाख रुपए) प्रस्तावित है। इस राशि से 23 ई–शोध पत्रिकाओं के क्रयार्थ विभागीय क्रय समिति एवं केन्द्रीय क्रय समिति के द्वारा अनुशंसित रु. 24,72,453.33 (चौबीस लाख बहत्तर हजार चार सौ तिरपन रुपए तैंतीस पैसे) तथा 23 शोध पत्रिकाओं के क्रयार्थ चंदा (Subscription) निम्नलिखित फर्मों से**

| क्र. | फर्म | ई–शोध पत्रिकाओं की संख्या | भुगतान किये जाने वाली राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | Total Library Solutions Pvt. Ltd., New Delhi | 12 | 1430372.75 |
| 2 | Balani Infotech Pvt. Ltd., Noida | 9 | 1003935.20 |
| 3 | Infokart India Pvt. Ltd., New Delhi | 2 | 38145.39 |
| | कुल | **23** | **2472453.33** |

**क्रयार्थ चंदा (Subscription) रु. 24,72,453.33 (चौबीस लाख बहत्तर हजार चार सौ तिरपन रुपए मात्र) भुगतान किये जाने का माननीय कार्यपरिषद् में अनुमोदन किया गया।**

16. पुस्तकों (Print) के क्रयार्थ प्राप्त दर के अनुमोदन पर विचार करना।

निर्णयः **विश्वविद्यालय बजट 2019–20 ग्रंथागार : पुस्तक एवं शोध पत्रिका (14:D:1-a) मद राशि रु. 40.00 लाख (चालीस लाख रुपए) प्रस्तावित है। इस राशि से 23 ई–शोध पत्रिकाओं रु. 24,72,453.33 (चौबीस लाख बहत्तर हजार चार सौ तिरपन रुपए तैंतीस पैसे) क्रय उपरांत शेष राशि से Indian Publications के लिए अधिकतम छूट Tripathi Books Distributors, Allahabad से 33% एवं Foreign Publications के लिए अधिकतम छूट Techniz Books International, New Delhi से 38.15% दर से पुस्तकों (Print) के क्रयार्थ माननीय कार्यपरिषद् द्वारा अनुमोदित किया गया।**

## <u>विकास विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–</u>

17. विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के साफ–सफाई व्यवस्था 31.10.2019 के पश्चात् 1 वर्ष बढ़ाये जाने की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : **New Bharat Security & Detective Services, Shop-140, Wing-3, "RAJAT SANKUL" Opp. Main Bus Stand, Ganeshpeth, Nagpur द्वारा विश्वविद्यालय परिसर व भवनों के साफ–सफाई कार्य हेतु एक वर्ष के लिये (दिनांक 01.11.2019 से 31.10.2020 तक) कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाने के लिए माननीय कार्यपरिषद् में अनुमोदन किया गया।**

**अधिष्ठाता छात्रा कल्याण विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

18. 12th SOUFEST 2019 में भोजन व्यवस्था हेतु देयक राशि रु. 22,23,000/– (अक्षरी–बाइस लाख तेईस हजार रुपए) भुगतान की स्वीकृति प्रदान करना।

**निर्णय : स्वीकृति प्रदान की गई।**

**शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला से प्राप्त प्रस्ताव :–**

19. शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के इम्प्रेस्ट राशि रु. 10,000.00 से बढ़ाकर 20,000.00 किये जाने के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : स्वीकृति प्रदान की गई।**

**वित्त विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

20. वित्तीय वर्ष 2011–12 के अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुमोदन करना।

निर्णय : **यदि कोई प्रकरण कार्यपरिषद् के समक्ष लंबित हो तो उसे छोड़कर अनुमोदन किया गया। आगामी बैठक में संक्षेपिका प्रस्तुत की जाए।**

21. वित्तीय वर्ष 2013–14 के अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुमोदन करना।

निर्णय : **यदि कोई प्रकरण कार्यपरिषद् के समक्ष लंबित हो तो उसे छोड़कर अनुमोदन किया गया। आगामी बैठक में संक्षेपिका प्रस्तुत की जाए।**

## पूरक विषयसूची

1. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 04.11.2019 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करना।

**निर्णय : अनुमोदन किया गया।**

**यांत्रिकी विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–**

2. कुलपति निवास में बाउंड्रीवाल का निर्माण किये जाने में 30,52,550/– (तीस लाख बावन हजार पाँच सौ पचास रुपए) की स्वीकृति अनुमोदनार्थ।

निर्णयः **कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 19.06.2018 में कुलपति निवास में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य कराये जाने हेतु अनुमानित लागत 38,25,000/– (अड़तीस लाख पच्चसी हजार रुपए) की स्वीकृति प्रदान की गई है। तद्नुसार निविदा आमंत्रित की गई। न्यूनतम दर 20.20% Below S.O.R. (PWD Effective from 01st January 2015) वाली फर्म M/S खालसा कंस्ट्रक्शन–रायपुर से कार्य कराये जाने पर न्यूनतम निविदा दर अनुसार राशि रु. 30,52,350/– (तीस लाख बावन हजार तीन सौ पचास रुपए) मात्र व्यय का माननीय कार्यपरिषद् की बैठक में अनुमोदन किया गया।**

3. विश्वविद्यालय में L.E.D. स्ट्रीट फिटिंग्स लगाने हेतु राशि रु. 7,05,672/– (सात लाख पाँच हजार छः सौ बहत्तर रुपए) व्यय की स्वीकृति अनुमोदनार्थ।

निर्णय : **कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 16.01.2019 में विश्वविद्यालय परिसर में स्ट्रीट लाईट पोल लगाने एवं उनके L.E.D. स्ट्रीट लाईट फिटिंग्स लगाने हेतु राशि रु. 10.89 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। तद्नुसार निविदा आमंत्रित की गयी। न्यूनतम दर 35.20% Below S.O.R. वाली फर्म D.M. Jha Raipur से न्यूनतम निविदा दर अनुसार राशि रु. 7,05,672/– (सात लाख पाँच हजार छः सौ बहत्तर रुपए) मात्र व्यय का माननीय कार्यपरिषद् की बैठक में अनुमोदन किया गया ।**

विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान से प्राप्त प्रस्ताव :–

4. विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान के लिये उपकरण क्रय किये जाने की प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति प्रदान के संबंध में।

निर्णयः **DST नई दिल्ली की Nanomission/Nanotechnology Scheme प्रोजेक्ट में स्वीकृत उपकरण –**

1. **FTIR अनुमानित लागत रु. 12,28,300/–**
2. **DSC अनुमानित लागत रु. 20,09,300/–**

**कुल अनुमानित लागत 32,37,600/– (बत्तीस लाख सैंतीस हजार छः सौ मात्र) की प्रशासनिक–वित्तीय स्वीकृति एवं क्रय प्रक्रिया आरंभ करने हेतु माननीय कार्यपरिषद् में स्वीकृति प्रदान की गई।**

विकास विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–

5. अनुपयोगी वाहन क्र. CG-04-H0959 (Bolero XL) विक्रय करने हेतु तथा उनके स्थान पर नये बोलेरो क्रय की अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में विचार करना।

**निर्णय : अनुमोदन किया गया।**

6. विश्वविद्यालय प्रेस के उन्नयन हेतु नई प्रिटिंग मशीनों का क्रय किये जाने बाबत्।

निर्णय : **विश्वविद्यालय प्रेस के लिए डिजिटल कलर प्रिंटर – Konica Minolta Bizhub C759 मॉडल जो पूर्व में कार्यपरिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है के स्थान पर Make : Toshiba Model : Toshiba e-Studio 7516AC मशीन 01 नग क्रय करने के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति को माननीय कार्यपरिषद् की बैठक में अनुमोदन किया गया।**

कुलपति सचिवालय से प्राप्त प्रस्ताव :–

7. प्रो. केशरी लाल वर्मा, कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को 14–16 दिसंबर, 2019 को सिडनी–आस्ट्रेलिया में आयोजित International Conference में सम्मिलित होने की सूचना ग्रहण करना।

निर्णयः **Sydney Centre for Language Research, The University of Sydney द्वारा International Conference on "Cause of Language Endangerment" दिनांक 14–16 दिसंबर 2019 को Sydney, Australia में आयोजित है, उक्त International Conference हेतु प्रो. केशरी लाल वर्मा, कुलपति महोदय द्वारा प्रेषित Paper, Title-Cause of Language Endangerment in Chhattisgarh, India and Action for Revitalization की प्रस्तुतीकरण हेतु स्वीकार किया गया है एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए माननीय कार्यपरिषद् में सूचना ग्रहण की गई।**

सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–

8. विश्वविद्यालय कर्मचारियों को 7 माह (जनवरी, 2019 से जुलाई 2019 तक) की महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि भुगतान की कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान कर सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : **छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के वित्त निर्देश 18/2019 क्रमांक 390/एफ–2013–04–00416/वि/नि/चार नवा रायपुर, दिनांक 22 अगस्त, 2019 के द्वारा, विश्वविद्यालय कर्मचारियों को 7 माह (जनवरी, 2019 से जुलाई 2019 तक) की महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि रु. 56,88,784/– (छप्पन लाख अठ्यासी हजार सात सौ चौरासी रुपए मात्र) का भुगतान कार्येत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने माननीय कार्यपरिषद् में अनुमोदन किया गया है।**

## वित्त विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–

9. भविष्य निधि से राशि रु0 15,00,000/– (पंद्रह लाख रुपए) के आंशिक भुगतान की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय : विषयांतर्गत वि0वि0 परिनियम 26 की कंडिका (7) ए की पैरा 3 के अंतर्गत निम्नांकित शिक्षकों को भविष्य निधि से आंशिक भुगतान नियमानुसार कार्यपरिषद के स्वीकृति की प्रत्याशा में स्वीकृत किया गया है जिसके नाम एवं विवरण निम्नानुसार है :–**

| कमांक | शिक्षक/कर्मचारी का नाम | पद | भविष्य निधि से आंशिक भुगतान राशि |
|---|---|---|---|
| 01. | डॉ0 के0एल0 वर्मा | मान0 कुलपति जी | 10,00,000/– |
| 02. | डॉ0 मोयना चकवर्ती | प्राध्यापक | 5,00,000/– |
| | कुल राशि रू0 | | 15,00,000/– |

**अतः राशि रू0 15,00,000/– के भुगतान हेतु माननीय कार्यपरिषद् में सूचना ग्रहण की गई।**

10. सेवानिवृत्त शिक्षकों/कर्मचारियों को भविष्य निधि से अंतिम भुगतान राशि रु. 1,28,65,365/– (एक करोड़ अट्ठाइस लाख पैंसठ हजार तीन सौ पैंसठ रुपए मात्र) के भुगतान की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय : विषयांतर्गत वि0वि0 के कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 27.12.2017 के बिन्दु क0 06 में लिए गए निर्णय के परिपालन में एवं वि0वि0 से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्ति उपरांत निम्नांकित शिक्षकों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति उपरांत भविष्य निधि से अंतिम भुगतान स्वीकृत किया गया है जिसके नाम एवं विवरण निम्नानुसार है :–**

| कमांक | शिक्षक/कर्मचारी का नाम | पद | भविष्य निधि से अंतिम भुगतान | से.नि. तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 01. | डॉ0 एस.के. पाण्डेय | प्राध्यापक, भौतिकी | 26,23,569/– | 31.12.2018 |
| 02. | डॉ0 प्रमोद कुमार शर्मा | प्राध्यापक, समाजशास्त्र | 22,57,250/– | 31.01.2019 |
| 03. | डॉ0 जवाहर लाल तिवारी | ऐसो0प्राध्यापक, समाजशास्त्र | 13,44,793/– | 31.10.2018 |
| 04. | डॉ0 एम0डब्ल्यु0वाय0 खान | प्राध्यापक, भूविज्ञान | 9,93,935/– | 31.05.2019 |
| 05. | डॉ0 श्रीकांत कमलाकांत पाण्डेय | प्राध्यापक, भूविज्ञान | 21,12,363/– | 30.06.2019 |
| 06. | श्रीमति श्याम लता परते | कक्ष अधिकारी | 9,75,341/– | 31.01.2019 |
| 07. | श्री गणेश प्रसाद वर्मा | कनि0अधीक्षक | 6,44,127/– | 30.09.2018 |
| 08. | श्री उमापति रस्तोगी | उपयंत्री | 9,80,783/– | 30.12.2015 |
| 09. | श्री कृष्ण कुमार वर्मा | प्र0श्रे0लि0 | 9,33,204/– | 30.06.2019 |
| | कुल राशि रू0 | | 1,28,65,365/– | |

**अतः राशि रू0 1,28,65,365/– (एक करोड़ अट्ठाइस लाख पैंसठ हजार तीन सौ पैंसठ रुपए मात्र) के भुगतान हेतु माननीय कार्यपरिषद् में सूचना ग्रहण की गई।**

11. पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर से हेमचंद दुर्ग वि.वि., दुर्ग जिला दुर्ग में संविलियन किए गए कुल 05 कर्मचारियों के सी.पी.एफ./सी.पी.एस. की कुल राशि रु. 22,46,657/– (बाईस लाख छियांलिस हजार छः सौ संत्यावन रुपए मात्र) के भुगतान की सूचना ग्रहण करना।

**निर्णयः** **पं0 रविशंकर शुक्ल वि0वि0, रायपुर से हेमचंद दुर्ग वि0वि0, दुर्ग जिला दुर्ग में संविलियन किए गए निम्नांकित कुल 05 कर्मचारियों के सी0पी0एफ0/सी0पी0एस0 की कुल राशि रू0 22,46,657/–राशि देना बैंक आदर्श नगर, पद्नाभपुर, दुर्ग में ऑनलाईन (NIFT) के माध्यम से दिनांक 11.09.2019 को माननीय कार्यपरिषद के बैठक दिनांक 27.12.2017 के बिन्दु क्र0 06 के परिपालन में भविष्य निधि अंतिम भुगतान राशि रु. 22,46,657.00 कर दिया गया है ।**

**उपरोक्त कुल पाँच कर्मचारियों के सी0पी0एफ0/सी0पी0एस0 ब्याजमय राशि सहित नाम, बैंक विवरण निम्नानुसार है :–**

| क. | कर्मचारी का नाम | पदनाम | देना बैंक बचत खाता क्र0 | राशि (रू0 में) | Transection Nos. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री अशोक खातखेडें | डाटा एंट्री ऑपरेटर | 147310036101 IFSC Code BKDN0821473 | 4,57,725.00 | 6420772 dt. 11.09.19 |
| 02. | श्रीमति भावना पर्वत | तकनीकि सहायक | 147310035379 IFSC Code BKDN0821473 | 6,68,360.00 | 6420776 dt. 11.09.19 |
| 03. | श्रीमति मंजूषा तिरपुडें | द्वितीय श्रेणी लिपिक (A.G.II) | 147310035379 IFSC Code BKDN0821473 | 4,25,121.00 | |
| 04. | श्री देवदास | द्वितीय श्रेणी लिपिक (A.G.II) | 147310035379 IFSC Code BKDN0821473 | 4,33,010.00 | |
| 05. | श्रीमति सपना सिन्हा | निम्न वर्ग लिपिक (A.G.III) | 147310035379 IFSC Code BKDN0821473 | 2,62,441.00 | |
| | | | Total Rs. | 22,46,657.00 | |

**माननीय कार्यपरिषद् की बैठक में सूचना ग्रहण की गई।**

12. सामान्य मद/परीक्षा मद सत्र 2019–20 बाबत् बजट पुनर्नियोजित करने के संबंध में।

**निर्णय : वित्तीय सत्र 2019–20 हेतु प्रावधानित व्यय राशि में आगामी व्यय संभावित है,**

| मद/विवरण | सत्र 2019–20 प्रावधानित राशि (लाख) | सत्र 2019–20 पुनर्नियोजित राशि (लाख) |
|---|---|---|
| (I) A Gen Administration 5(B) V. Room Coolar, water Cooler & other Eqi. page. (12) | 5.00 | 10.00 लाख |
| (II) G1- Student Walfare 1 youth Festival (12 SAU FEST) page (25) | 25.00 | 49.00 लाख |
| (III) A Gen. Admn. 1 (iii) EPF Contribution Muster Roll/Daily. Wages. page (12) | 15.00 | 24.00 लाख |
| (IV) Fees for Consultancy page (13) | 5.00 | 14.00 लाख |

**उक्त प्रावधान में वृद्धि कर बजट/मद पुनर्नियोजित किये जाने को माननीय कार्यपरिषद् में सूचना ग्रहण की गई।**

गोपनीय विभाग से प्राप्त प्रस्ताव :–

13. 111 शोधार्थियों की पी–एच.डी. उपाधि संबंधी अधिसूचना के अनुमोदन बाबत्।

**निर्णय :** **विभिन्न संकायों में पी–एच.डी. उपाधि हेतु जारी अधिसूचना दिनांक 15–03–2019 से 30–10–2019 (अधिसूचना क्रमांक 3238 से 3349 तक) की जानकारी निम्नानुसार–**

| | | |
|---|---|---|
| **कला संकाय** | – | **हिन्दी –09, अंग्रेजी –04, दर्शनशास्त्र –01,** |
| **सामाजिक विज्ञान संकाय** | – | **समाजशास्त्र–07, इतिहास –01, राजनीतिविज्ञान –08, अर्थशास्त्र –12, भूगोल –01, मनोविज्ञान –01, प्र.भा. इतिहास –02** |
| **वाणिज्य संकाय** | – | **वाणिज्य – 13,** |
| **गृहविज्ञान संकाय** | – | **गृहविज्ञान – 05,** |
| **शारीरिक शिक्षा संकाय** | – | **शारीरिक शिक्षा – 03,** |
| **विज्ञान संकाय** | – | **गणित–04, भूविज्ञान–03, भौतिक –06, रसायन शास्त्र–09, पर्यावरण विज्ञान –01, कम्प्यूटर विज्ञान –01, भूगोल – 01,** |
| **जीव विज्ञान संकाय** | – | **मानव विज्ञान –05, वनस्पति शास्त्र –05, बायोटेक्नोलॉजी –03, प्राणीशास्त्र –02, बायोकेमेस्ट्री – 01,** |
| **टेक्नालॉजी संकाय** | – | **फार्मेसी – 03,** |

**इस प्रकार कुल 111 शोधार्थियों को पी–एच.डी. उपाधि हेतु अधिसूचना को माननीय कार्यपरिषद् में अनुमोदन किया गया।**

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य निर्णय

01. **कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति के लिए गठित चयन समिति के द्वारा दिनांक 08.08.2019 एवं 06.11.2019 को आयोजित बैठक में की गई अनुशंसा संबंधी लिफाफे खोले गए तथा पदोन्नति हेतु अनुशंसा निम्नानुसार मान्य किया गया –**

| S-E. Committee Meeting Date | Subject | Post | Name | With Effect From |
|---|---|---|---|---|
| 08-08-2019 | Chemistry | Assistant Professor Stage 2 to 3 (CAS) | Dr. Manmohan Lal Satnami | 17-10-2017 |
| 06-11-2019 | Ancient Indian History, Culture & Archeology | Assistant Professor Stage 1 to 2 (CAS) | Dr. Nitesh Kumar Mishra | 09-11-2016 |

02. विश्वविद्यालय के शिक्षकों के वरिष्ठता अनुसार ग्रेड परिवर्तन के लिए स्क्रीनिंग हेतु आने वाले विषय विशेषज्ञों के मानदेय के संबंध में विचार करना।

**निर्णय :** **विश्वविद्यालय के शिक्षकों के वरिष्ठता अनुसार ग्रेड परिवर्तन के लिए स्क्रीनिंग हेतु आने वाले विषय विशेषज्ञों का मानदेय रु. 1500/– (एक हजार पाँच सौ रुपए मात्र) किये जाने का अनुमोदन किया गया।**

**अध्यक्ष एवं सभी उपस्थित सम्माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक संपन्न हुई।**

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ. क्रमांक : 14441/अका./का.प/2019 रायपुर, दिनांक : 7 /11/2019

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)
4. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
5. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला/समस्त विभागीय अधिकारी,
6. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
7. वित्त नियंत्रक/प्रभारी, अंकेक्षण,
8. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अका.)**